डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक: COE-647 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2021–22 दिनांकः– 07 फरवरी, 2022

विषम अधिसत्र परीक्षा (दिसम्बर, 2021 के अन्तर्गत) माह फरवरी–2022 हेतु ऑन–लाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं में शैक्षिक सत्र 2021–22 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम् एवं नवम् अधिसत्र में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी अधिसत्र परीक्षा (दिसम्बर, 2021 के अन्तर्गत) फरवरी–2022 का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा समय–सारिणी शीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं के संचालित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://dsmnruerp.in/exam-form-login के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये **परीक्षा आवेदन दिनांक 07.02.2022 से दिनांक 16.02.2022 तक भर सकते हैं।** साथ ही विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्नक सहित अपने विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।

2) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं के सम्बन्ध में आवेदन करने वाले विद्यार्थी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में निर्धारित परीक्षा शुल्क की धनराशि को RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन–लाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी / संबंधित संस्थान की होगी।

3) उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उन्हें परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के द्वितीय तल स्थित एकेडमिक ब्लॉक ए–2 से सम्बद्ध काउण्टर पर निःशुल्क व्यवस्था की गई है। **ऑन लाइन अवेदन हेतु निर्धारित तिथि 16.02.2022 को विस्तारित किया जाना संभव नहीं होगा। अतः परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।**

4) परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक स्वयं भरें। विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन / परिमार्जन का अवसर उन्हें नहीं प्रदान किया जायेगा।

5) ऑन–लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–6394984077** पर सम्पर्क करें।

6) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख / निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक–पत्र / प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र / प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KB साइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-647 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2021–22 दिनांकः– 07 फरवरी, 2022

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 18.02.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी संलग्नकों सहित को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 18.02.2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।।
9. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

07/2/22

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक